झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक–17.09.2017

- **पराक्रम, सामाजिक जागरण की धरातल पर उलगुलान के प्रणेता एवं युग के प्रेरणा स्रोत भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने भाग लिया।**
- **धरती आबा बिरसा मुंडा का पूरा राष्ट्र है- अमित शाह**
- **स्वराज, स्वधर्म की लड़ाई लड़ने वाले शहीदों की जन्मभूमि है झारखण्ड- अमित शाह**
- **राज्य के 19 शहीदों के गांव को विकसित करना सच्ची श्रद्धांजलि- अमित शाह**
- **देश की एकता और अखंडता की रक्षा में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है- मुख्यमंत्री**
- **स्वंतत्रता सेनानी के 19 गांव को 30 करोड की लागत से विकसित किया जायेगा- मुख्यमंत्री**

राज्यसभा सांसद श्री अमित शाह ने कहा कि भगवान बिरसा का पूरा राष्ट्र ऋणी है जिन्होंने अपना पूरा जीवन अपनी संस्कृति और अपने देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने में लगा दिया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। अपने 25 साल के जीवन में ऐसा कार्य कर गये कि करोड़ो लोगों के प्रेरणा स्रोत बन गये। उनके आजादी के इस उलगुलान को रोकने का काफी प्रयास हुआ लेकिन धरती आबा इससे विचलित हुए बगैर अपनी मातृभूमि को आजाद करने के आंदोलन को अनवरत जारी रखा। आज ऐसे वीर की जन्मभूमि में आकर मुझे गर्व है। श्री अमित शाह खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

श्री अमित शाह ने कहा कि आजादी की लड़ाई में झारखंड की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। यहां के वीरों ने भारत माता की चरणों में खुद को अर्पित किया था। आदिवासी भाईयों ने अपने हृदय के अंदर आजादी की लड़ाई को बरकरार रख भारत को गुलामी से मुक्त किया था।

श्री अमित शाह ने कहा कि देश के तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की जन्मभूमि उनके गांव को आजादी के 75 साल तक किसी ने विकसित करने की नहीं सोची। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद स्वतंत्रता सेनानियों के गांव को विकसित करने की योजना बनाई जिसके तहत आज वीर शहीद बिरसा मुंडा के गांव को विकसित करने की योजना का शुभारंभ हुआ। पूरे राज्य में शहीदों के 19 गांवों को विकसित किया जाएगा यह। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जहां पक्के मकान शुद्ध पेयजल बिजली शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं का संपूर्ण विकास किया जाएगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि सरकार का निर्माण विकास करने के लिए होता है और झारखंड में रघुवर दास के नेतृत्व में बनी सरकार झारखंड के सुदूरवर्ती जंगल, पहाड़ों में रहने वालों तक विकास पहुंचा रही है और आजादी का फल ऐसे सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वालों को आजादी

के 75 वर्ष बाद मिल रहा है। उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है। करोड़ों लोग इसे सेवा भाव से मना रहे हैं। मैं भी ऐसे वीर भगवान बिरसा की जन्मस्थली आया हूँ। आज इस पुनीत दिन पर मेरी छोटी सी सेवा के लिए भगवान बिरसा की जन्म भूमि से उपयुक्त जगह और कहीं नहीं हो सकती है।

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि देश और राज्य की एकता और अखंडता के लिये आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आदिवासी समाज जागरूक हो रहें हैं उनमें विकास की भूख जगी है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आदिवासी समाज की बेहतरी का कार्य हो रहा है। 2022 तक धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिदो कान्हू जैसे तमाम वीर शहीदों के सपनों का भारत और झारखंड का निर्माण होगा। देश और राज्य स्वावलंबी बने इसके लिये हमसब को अपनी भूमिका निभानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी संस्कृति व झारखण्ड को संभालकर रखने वाले आदिवासी समाज के बीच आज राज्य सभा सांसद हैं जिन्होंने आदर्श ग्राम योजना का शुभारंभ किया। अब राज्य के शहीदों के 19 गांव को विकसित किया जायेगा। उलिहातू जैसे गांव में राजधानी जैसी सुविधा होगी। यह कार्य आजादी के बाद ही प्रारंभ होना चाहिये था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। प्रधानमंत्री ने इस ओर ध्यान दिया और इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि खूंटी की लाह चुनने वाली मेहनती महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिये लाह बोर्ड का गठन किया गया है। ऐसी महिलाओं को मुख्यमंत्री उद्‌यमी बोर्ड के जरिये लाह से निर्मित होने वाली वस्तुओं के निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा और झारखंड से निर्मित वस्तुओं का निर्यात अन्य देशों में किया जायेगा। श्री दास ने पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उनके सार्थक प्रयास से उग्रवाद पर लगाम लगा है। क्षेत्र में अमन चैन लाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्री अमित शाह एवं श्री रघुवर दास ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही , शहीद ग्राम विकास योजना अंतर्गत आवास योजना का शुभारंभ , बिरसा कॉम्प्लेक्स स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण , बिरसा कॉम्पलेक्स में पौधरोपण, भगवान बिरसा मुंडा से सम्बंधित पुस्तक का विमोचन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत उलिहातू निवासी सुनीता देवी, चांदू देवी, जौनी देवी, रानी देवी और सुमि देवी को सांकेतिक रूप से गैस चूल्हा एवं कनेक्शन का वितरण किया , अनुसूचित जनजाति छात्र छात्राओं यथा उत्क्रमित कन्या मध्य विद्‌यायल की छात्रा सोशन्ति कुमारी , मरथा पूर्ति एवं पुनि कुमारी और बिरसा आवासीय विद्‌यालय के छात्र लखन मुंडा , लक्ष्मी नारायण के बीच सोलर लैंप का वितरण किया।

इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। शिविर में लोगों का जांच किया गया और परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकों द्‌वार कुष्ठ, टीवी, मलेरिया और सामान्य जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री नीलकंठ सिंह मुंडा , डॉ लुइस मरांडी, श्री रामचन्द्र चंद्रवंशी, श्री अमर कुमार बाउरी, श्री रणधीर कुमार सिंह, सांसद श्री लक्ष्मण गिलुवा, पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा , विधायक खिजरी श्री रामकुमार पाहन , मुख्यसचिव श्रीमती राजबाला वर्मा , विकास आयुक्त श्री अमित खरे व अन्य उपस्थित थे।